# हत्यारे दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय प्रथम सत्र न्यायाधीश, नरसिंहपुर नीतिराज सिंह सिसौदिया के न्यायालय द्वारा बलात्कार कर हत्या करने वाले आरोपी अभिनेन्द्र यादव उर्फ बबलू आयु 48 वर्ष निवासी ग्राम छीतापार थाना करेली जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 450 में दोषसिद्ध पाते हुये सात वर्ष का कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड, धारा 302 के अधीन आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड एवं भादवि की धारा 376-क के अधीन 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि सूचनाकर्ता पीडिता के पति द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को पुलिस को इस आशय की सूचना दी गई कि वह सरकारी शिक्षक है तथा उसकी पत्नी पीडिता एक्स भी शिक्षक है और हम दोनों विगत चार पांच वर्षों से अलग अलग मकान में निवास करते हैं। दोनों साथ-साथ एक ही मोटरसाइकिल पर प्रतिदिन विद्यालय जाते थे। घटना दिनांक 16 अक्टूबर



2023 को प्रात: करीब दस बजे वह अपनी पत्नी/पीडिता को साथ लेने के लिए उसके घर के पास गया और उसे फोन लगाया किंतु मृतिका ने न तो फोन उठाया और न ही वह आई। तब उसने पीडिता के घर जाकर देखा कि पीडिता मृत अवस्था में घर के अंदर बिस्तर में पडी हुई थी, उसके गले पर चोट के निशान थे।

सूचनाकर्ता/पीडिता के पति की उक्त सूचना के आधार पर थाना करेली पर मर्ग क्रमांक 0/23 पंजीबद्ध किया गया। पीडिता का शव परीक्षण कराया गया, जिसमें पीडिता की मृत्यु गला घोंटने से कारित होना पाए जाने पर थाना करेली में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण के अनुसंधान के दौरान साक्षीगण के कथन अंकित किए गए।

विवेचना दौरान यह पाया गया कि घटना के पूर्व पीडिता ने अभियुक्त अभिनेन्द्र यादव को कुछ रुपये उधार दिए थे। आरोपी से मृतका के द्वारा दिये गये पैसे मांगने पर दोनों में विवाद हुआ था। अभियुक्त अभिनेन्द्र यादव ने पूछताछ में बताया कि धनराशि के लेन-देन के कारण उसका पीडिता से विवाद हो गया था, जिसके कारण उसके द्वारा पीडिता की हत्या कर दी गई। अभियुक्त की निशादेही पर आरोपी के घटना समय पहने हुये कपड़े तथा लोहे का बट्टा जिससे गला दबाकर हत्या की गई थी जप्त किये गये।

घटनास्थल से आरोपी की पहनी हुई शर्ट की बटन जप्त की गईं और उनका प्रयोगशाला से आरोपी की जप्त शर्ट की बटनों से मिलान किया गया जो सही होना पाया गया। पोस्टमार्टम दौरान मृतका की स्लाइड जप्त की गई। आरोपी का रक्त नमूना लिया गया, वैज्ञानिक रिपोर्ट सकारात्मक पाई गई। दौरान विवेचना सारवान साक्ष्य संकलित कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से मामले की पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल द्वारा की गई।

# सात पेटी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

## घर में छिपाकर रखी थी अवैध शराब



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अवैध शराब के कारोबार के विरूद्ध नरसिंहपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है। विगत दिवस थाना कोतवाली अंतर्गत 3 पेटी अंग्रेजी शराब एवं 4 पेटी देशी शराब कुल 7 पेटी शराब जप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि नरसिंहपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर मुस्तैदी के साथ अवैध कारोबारियों एवं असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की पतासाजी कर उनकी लगातार धरपकड की जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी अनुज उर्फ मोनू राय को अभिरक्षा में लेकर उसके घर की तलाश ली गयी जो उसके घर नीचे वाले कमरे में बाथरूम के ऊपर तरफ से एक पेटी सिग्नेचर शराब की, एक पेटी नंबर वन विस्की की, एक पेटी मैगडावल्ड विस्की, ऊपर वाले कमरे की तलाशी लेने पर पलंग की नीचे 2 पेटी देशी प्लेन शराब की एवं 2 पेटी मसाला मदिरा की इस प्रकार 3 पेटी अंग्रेजी शराब की एवं 4 पेटी देशी मदिरा की कुल 7 पेटी शराब कीमती 60000/- रूपये की जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 329/2025 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है एवं उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

आरोपी की पतासाजी एवं मशरूका बरामदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे, उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक रोहित चन्पुरिया, महिला आरक्षक योगिता एवं नगर रक्षा समिति सदस्य शिवम मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-समाचार

### सूखाखैरी में बताया सफाई एवं प्रयोगशाला रख रखाव का महत्व

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते गुरुवार को चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगशाला रख रखाव एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल ने शिक्षकों से कहा कि प्रयोगशाला मे वर्षभर पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रयोग कार्यों को करवाकर छात्र छात्राओं के ज्ञान मे वृद्धि करने का कार्य करें।

### आज मंडी में घोष विक्रय कार्य रहेगा बंद

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पहलगाम हमले को लेकर आज दिनांक 25 सितंबर को ग्रेन मर्चेंट तथा दाल मिलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर मंडी प्रांगण में घोष विक्रय नहीं होगा। संगठन ने कृषकों से अपील की है कि वह आज अनाज मंडी में विक्रय हेतु ना लाएं।

### मिढ़वानी में ग्रामीण ने स्कूल को भेंट की बुक रैक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस साईंखेड़ा ब्लॉक के ग्राम मिढ़वानी देवरी के वरिष्ठ नागरिक मनोहर शुक्ल द्वारा ग्राम की शासकीय माध्यमिक शाला मिढ़वानी को एक बुक रैक भेंट किया गया। बुक रैक के मिलने से बच्चों के पुस्तकालय की पुस्तकों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने बताया कि विद्यालय मे छात्र छात्राओं के लिए पुस्तकालय का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है किंतु किताबों की संख्या अधिक होने से उनके रख रखाव मे दिक्क़त आ रही थी जो अब बुक रैक के मिलने के बाद नहीं आएगी। इस पावन भेंट के लिए मिढ़वानी शाला से प्रधान पाठक प्रशांत पटैल, बबीता ठाकुर ने श्री शुक्ल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### विश्व किताब दिवस का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व किताब दिवस ज्ञान कल्पना और संस्कारों का उत्सव है किताबें विचारों की दुनिया को खोलती हैं।भावनाओं और व्यक्तित्व को आकार देती हैं। अच्छी किताबें और साहित्य हमारी सोचने की क्षमता और ऊर्जा को बढ़ाती हैं।सुशील सभ्य समाज की स्थापना और राष्ट्र निर्माण के लिये अच्छी पुस्तकों का अध्ययन जरूरी है।उक्ताशय के विचार अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा आयोजित विश्व किताब दिवस पर व्यक्त किए।बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों में पं.यू एस उपाध्याय कवि अशोक त्रिपाठी पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने भारतीय ग्रंथ गीता और रामचरित मानस का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य बी एस पटेल ने आयोजन की रुपरेखा सहित पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि किताबें हमारी संस्कृति साहित्य संस्कार और राष्ट्रीयता को समझने का सशक्त माध्यम हैं। पं.विजय शर्मा ने कहा कि किताबों के अध्ययन से ज्ञानवर्धक जानकारी के साथ ही सुन्दर चिंतन मिलता है।पं.सी बी शर्मा ने भी अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन अरूण कुमार खरे ने किया।

# पतंजलि योग समिति की बैठक



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भगत सिंह पटेल राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति मध्यप्रदेश पूर्व के नरसिंहपुर जिले में प्रथम आगमन पर रेस्ट हाउस करेली में एक बैठक का आयोजन किया गया।

भगत सिंह पटेल राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति के मुख्य आतिथ्य में एसके चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला योग समिति नरसिंहपुर की अध्यक्षता में एपी झारिया, जिला प्रभारी भारत स्वाभीमान, राघवेंद्र आर्य जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, रोहित कीर जिला प्रभारी युवा भारत, नंदू अग्रवाल जिला प्रभारी किसान पंचायत के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता की पूजन के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी जिला प्रभारियों द्वारा अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

देवेंद्र ढ़िमोले जिला योग प्रभारी जिला योग समिति नरसिंहपुर सहित सभी जिला प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक दीपक चौबे, विवेक खत्री आदि का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अधिक से अधिक योग प्रशिक्षक हेतु प्रयास करने पर जोर देते हुए जिले मे चल रही योग कक्षाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी समय में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की बात कहीं।

बैठक का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन हरगोविंद शर्मा जिल प्रवक्ता द्वारा किया गया।

# भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर होंगे विभिन्न आयोजन



**27 अप्रैल से 7 मई तक**

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आगामी 30 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जी के प्रगटोत्सव पर जिले में विभिन्न आयोजन 27 अप्रैल से आरंभ होकर 07 मई तक चलेगें यह जानकारी सर्व ब्राह्मण सभा के जिला संयोजक नगेन्द्र त्रिपाठी ने दी।

त्रिपाठी ने जिले के सभी प्रमुख स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों के बारे बतलाया कि 27 अप्रैल को सायं 7 बजे से नरसिंहपुर के सुभाष पार्क मेन रोड पर सुप्रसिद्ध बुंदेली लोकगीत गायक कविता शर्मा, प्रसिद्ध लोकगीत- आगड बम बागड बम, दोना काय ने लाये, द्वारा भजन एवं लोकगीतों की प्रस्तुति होगी।

इसके बाद 29 अप्रैल को श्रीधाम(गोटेगांव) में प्रात: 11 बजे से स्टेडियम में पूजनोपरांत वृद्धों, मंदिर के पुजारीगणों, प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान एवं भोजन होगा, इसी दिवस सायं 4 बजे से चीचली के मंगलभवन में पूजनोपरांत, कक्षा पांचवी, आठवीं के विद्यार्थियों का प्रतिभासम्मान समारोह एवं भोजन रखे गये हैं, 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के पावन पुनीत अवसर पर प्रात: सभी स्थानों गाडरवारा(स्थान-खकरिया वाले दादाजी का मंदिर चीचली, सालेचौका स्थान निवास पं पराग तिवारी, बारहाबडा स्थान-खेरापति माता मंदिर, साईखेडा स्थान बंजारी माता मंदिर, कौडिया, सिहोरा, बोहानी, पलोहा बड़ा तेंदूखेडा, डोभी, करेली, आमगांव बडा, नरसिंहपुर, सिंहपुर, श्रीधाम आदि स्थानों पर भगवान परशुराम का बिधिवधान से पूजन अर्चन होगा।

इसी दिन बरमान में सायंकाल 4 बजे से पुलिस चौकी प्रांगण से नर्मदातट तक शोभायात्रा मां नर्मदा एवं श्री परशुराम जी की पूजन व महाआरती उपरांत भोज रखा गया है, इसी दिन नरसिंहपुर में सायं 5 बजे से वाहन रैली आयोजन है जो नरसिह मंदिर से राममंदिर होते हुए बाहरी रोड से अष्टांग चिकित्सालय के समीप सम्पन्न होगी

वहां पूजनोपरांत स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी इसके बाद 02 मई को गाडरवारा में सायं 3ः30 बजे से शोभायात्रा एवं मंचीय कार्यक्रम रूद्र मैदान पुराना कालेज ग़ाउड, पानी की टंकी के पास भोजन रखे गये हैं। 07 मई को सांईखेडा में शोभायात्रा एवं क्षेत्रीय मंदिर के सम्मानीय पुजारियों का सम्मान रखा गया है।

आयोजन समिति ने कार्यक्रम में सभी विप्र बधु व मातृशक्ति से अपने नगर एवं क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित का आग्रह किया ब्राह्मण समितियों ने किया है।

# कांग्रेस ने कैंडल जला कर दी श्रद्धांजलि



**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते दिवस शहर की पुरानी गल्ला मंडी स्थित जय स्तंभ पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पहलगाम में आतंकी हमले में मृत 26 लोगों की आत्म शांति के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने कैंडल जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने कहां की पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में निर्दोष 26 नागरिकों की दुखद मृत्यु ने पूरे देश को शोकसंतप्त कर दिया है।

हम सभी कांग्रेसजन मांग करते हैं कि दोषियों पर ऐसी कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए ताकि दोबारा ऐसी पुनरावृति करने की हिम्मत ना कर पाए। इस मौके पर पूर्व विधायक सुनीता पटेल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल मंझले भैया,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जैन,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक काबरा, एचव्ही रफीक, इंद्रभूषण श्रीवास्तव, उमा गुप्ता, सुनील सोनी, बसंत तपा, केजी आजाद, ठाकुर शरद सिंह,अनिल साहू, विनोद ठाकुर, बंटू गुप्ता, सतीश सैनी, महमूद पहलवान,अभिषेक कौरव,अजय राठौर, वीरू व्यास, मुकेश सोनी, राजीव दुबे, मोनू पांडे, प्रभात कुशवाहा, श्रीमती राधा साहू, प्रवीण शर्मा, नीलेश दुबे,आयुष जैन, भागचंद खटीक, पवन जाटव,अखिलेश खंताल,शीतल राय,शरद साहू, युवा कांग्रेस से राजदीप दुबे, संजय कौरव,सिद्धार्थ कौरव,ध्रुव राडवे,निकेत कौरव, यश राय, आदित्य श्रीवास, कृष्णा साहू आदि कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठनो के पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहलगाम घटना पर आक्रोश, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पहलगाम में हिंदुओं की सोची समझी रणनीति के तहत हुई हत्याओं पर वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा गहन क्षोभ व्यक्त किया गया।सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि अब वक्त आ गया है हाथ में हथियार लेकर क्रांति की मशाल जलाने का।जिसने भी हिन्दू भाइयों का खून बहाया है उन सबका भी खून बहना चाहिए।इस क्रूर कायरना हरकत की सभी ने भर्त्सना की।अंत में दो मिनिट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अशोक वर्मा डा केदार गुप्ता धनराज साहू आर के नागवंशी रमेश मेहरा छत्रपाल कोरी किशन सेठ कविवर अशोक त्रिपाठी गणेश कुमार चतुर्वेदी चन्द्रभान शर्मा बी एस मेहरा बी एस पटेल विजय शर्मा अरुण खरे अशोक सोनी अशोक नेमा धनपत तिवारी उमाशंकर उपाध्याय सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# तहसील प्रेस क्लब ने पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** विगत दिवस पहलगाम में पर्यटकों पर बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसमें आर्तंकियो ने निर्दोष पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, करीब 27 लोगों को जान से मार दिया एवं कई लोग घायल हुए। आतंकियों की इस कायराना करतूत से पूरा देश आक्रोशित है।

तहसील प्रेस क्लब तेंदूखेड़ा ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए इस अमानवीय नरसंहार का कड़ा विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से तहसीलदार तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि आतंकीय घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों एवं पर्दे के पीछे से आतंकीय गतिविधियों को रचने वालो को करारा जबाब दिया जाए एवं कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# रेलवे अस्पताल और स्टेशन में चलाया मलेरिया रोकथाम जागरूकता अभियान




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को रेलवे अस्पताल एवं रेलवे स्टेशन परिसर पर रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे के द्वारा. मलेरिया के लक्षण, जांच उपचार और रोकथाम के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि मलेरिया एक परजीवी प्लाज्मोडियम फैलसी फेरम है, जो एनाफिलीज मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जिसका इलाज न होने पर. मरीज की मौत भी हो सकती है। रेलवे चिकित्सक द्वारा मलेरिया के लक्षण रोकथाम के अलावा जांच एवं इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# मवेशियों के लिए रखे जल सेवा पात्र



**गाडरवारा, देशबन्धु।** गुरुवार को बरुथनी एकादशी के शुभ अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने कन्या व गाय माता का पूजन के साथ गो जल सेवा पात्रों का पूजन कर उन्हें शहर के विभिन्न स्थानों पर गाय व मूक प्राणियों के लिए रखवाया।

उन्होंने सर्व प्रथम माँ विजयासन, श्री दादाजी धूनी वालो व जल पात्रों का विधि विधान से पूजन किया। उपरोक्त अवसर पर अरुण तिवारी, गायत्री परिवार से मूल चंद पटेल, सत्संग सुप्रभात समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सराठे, कथाव्यास प्रवीण व्यास, राजेश पचौरी, रंजीत कौरव, राकेश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बसेड़िया ने बताया कि गौ जल सेवा पात्रों को नर्मदा कालोनी शंकर मन्दिर के सामने, शासकीय अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर एमपीईबी कालोनी, केप्री बैंक, सिद्धि किराना के सामने, गायत्री मन्दिर नीरज मेहरा के घर के बाजू के साथ पिपरिया रोड पर रखा गया है तथा विभिन्न स्थानों पर पशु पक्षियों के लिए सकोरे भी टांगे गए है।

बसेड़िया ने सतुवाई अमावश्या के दिन गुड़ चना युक्त प्याऊ जल सेवा के शुभारंभ व जनकल्याण हेतु तृतीय महायात्रा मोकामा बिहार के शुभारंभ व भगवान श्री परसुराम जी के दिव्य अस्त्र फरसे के पूजन में सम्मिलित होने की अपील की।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

